**M**

No. of Printed Pages : 4

# Mock Test, 2015-16

## Subject : Hindi (हिन्दी)

## Class : IX

**Time : 1½ Hrs.]** **[M. M. : 50**

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** 1 × 5 = 5

संसार के सभी देशों में शिक्षित व्यक्ति की सबसे पहली पहचान यह होती है कि वह अपनी मातृभाषा में दक्षता से काम कर सकता है। केवल भारत ही एक ऐसा देश है जिसमें शिक्षित व्यक्ति वह समझा जाता है जो अपनी मातृभाषा में दक्ष हो या नहीं, किन्तु अंग्रेजी में उसकी दक्षता असंदिग्ध हो। संसार के अन्य देशों में सुसंस्कृत व्यक्ति वह समझा जाता है जिसके घर में अपनी भाषा की पुस्तकों का संग्रह हो और जिसे बराबर यह पता रहे कि उसकी भाषा के अच्छे लेखक और कवि कौन हैं तथा समय-समय पर उनकी कौन-सी कृतियाँ प्रकाशित हो रही हैं। भारत में स्थिति दूसरी है। यहाँ प्राय: घर में साज-सज्जा के आधुनिक उपकरण तो होते हैं किन्तु अपनी भाषा की कोई पुस्तक या पत्रिका दिखाई नहीं पड़ती। राजकीय दृष्टिकोण से भी यही स्थिति है। भारत के संविधान में हिन्दी को राजभाषा तो घोषित कर दिया गया किन्तु व्यवहार में प्रयोग अंग्रेजी का ही हो रहा है।

(i) भारत में शिक्षित व्यक्ति किसे माना जाता है?

(क) जिसे हिन्दी आती हो

(ख) जिसे अंग्रेजी आती हो

(ग) जिसे मातृभाषा आती हो

(घ) जिसने विदेश में पढ़ाई की हो

(ii) संसार के अन्य देशों में सुसंस्कृत व्यक्ति किसे मानते हैं?

(क) जो हिन्दी जानता हो

(ख) जो अंग्रेजी जानता हो

(ग) जिसे मातृभाषा का ज्ञान हो

(घ) जिसका स्वभाषा, स्वसाहित्य एवं लेखकों से गहरा लगाव हो

(iii) भारतीय संविधान में राजभाषा किसे घोषित किया गया है?

(क) हिन्दी को

(ख) अंग्रेजी को

(ग) उर्दू को

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

(iv) व्याकरण की दृष्टि से 'भाषा' शब्द क्या है ?

(क) जातिवाचक संज्ञा

(ख) भाववाचक संज्ञा

(ग) सर्वनाम

(घ) विशेषण

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए –

(क) शिक्षित व्यक्ति की पहचान

(ख) भारतीयता

(ग) अंग्रेजी का मोह

(घ) हिन्दी बनाम अंग्रेजी

**2. निम्नलिखित समस्त-पदों का विग्रह करके समास का नाम लिखिए –** **1 × 4 = 4**

(क) घर-घर

(ख) भयभीत

(ग) पंचानन

(घ) चौमासा

**3. निम्नलिखित पंक्तियों में अलंकार की पहचान करके लिखिए –** **1 × 4 = 4**

(क) संसार की समरस्थली में धीरता धारण करो।

(ख) प्रात: नभ था बहुत नीला शंख जैसे।

(ग) खग-कुल कुल-कुल सा बोल रहा।

(घ) जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झरकर कुसुम।

**4. निम्नलिखित में अर्थ के आधार पर वाक्य का भेद बताइए –** **1 × 4 = 4**

(क) हमें सदैव गरीबों के प्रति उदार होना चाहिए।

(ख) तुम अवश्य सफल हो जाओगे।

(ग) हो सकता है आज धूप न निकले।

(घ) क्या आपने परीक्षा उत्तीर्ण कर ली ?

5. **निम्नलिखित में उपसर्ग/प्रत्यय अलग करके लिखिए –** **1 × 6 = 6**

(क) अतिशय

(ख) आजीवन

(ग) निर्भय

(घ) प्यासा

(ङ) देवरानी

(च) कड़वाहट

6. **निम्नलिखित गद्य-खण्ड को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **1 × 3 = 3**

मैं चेहरे की तरफ देखता हूँ। क्या तुम्हें मालूम है, मेरे साहित्यिक पुरखे कि तुम्हारा जूता फट गया है और अँगुली बाहर दिख रही है? क्या तुम्हें इसका जरा भी अहसास नहीं है? जरा भी लज्जा, संकोच या झेंप नहीं है? क्या तुम इतना भी नहीं जानते कि धोती को थोड़ा नीचे खींच लेने से अँगुली ढक सकती है? मगर फिर भी तुम्हारे चेहरे पर बड़ी बेपरवाही, बड़ा विश्वास है! फोटोग्राफर ने जब 'रेडी-प्लीज' कहा होगा, तब परंपरा के अनुसार तुमने मुसकान लाने की कोशिश की होगी।

(i) लेखक किसके चेहरे की ओर देखता है?

(क) प्रेमचंद के

(ख) जाबिर हुसैन के

(ग) सालिम अली के

(ध) हरिशंकर परसाई के

(ii) साहित्यिक पुरखे किसे कहा गया है?

(क) प्रेमचंद को

(ख) हरिशंकर परसाई को

(ग) जयशंकर प्रसाद को

(घ) कबीरदास को

(iii) साहित्यिक पुरखे की किस विशेषता का पता चलता है?

(क) उसे किसी की परवाह नहीं है

(ख) उसे किसी बात की शर्म नहीं है

(ग) उसे ढकने का तरीका पता नहीं है

(घ) उसे दिखावा पसंद नहीं है

7. **निम्नलिखित पद्य-खण्ड को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **1 × 4 = 4**

'पास ही मिलकर उगी है
बीच में अलसी हठीली
देह की पतली, कमर की है लचीली,
नीले फूले फूल को सिर पर चढ़ा कर,
कह रही है, जो छुए यह
दूँ हृदय का दान उसको।'

(i) अलसी कहाँ उगी हुई है?

(ii) अलसी का पौधा कैसा है?

(iii) वह अपने हृदय का दान किसे करना चाहती है?

(iv) 'नीले फूले फूल' में कौन-सा अलंकार है?

8. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए –** **2 × 8 = 16**

(i) सर टामस 'हे' के मैना पर दया-भाव के क्या कारण थे?

(ii) नाना साहब कौन थे? अंग्रेज उन्हें नष्ट करने पर क्यों तुले हुए थे?

(iii) अकेली मैना सैनिकों के बीच घिरी होने पर भी क्यों नहीं डरी?

(iv) लेखक की नजर प्रेमचंद के जूतों पर क्यों अटक गई?

(v) कविता के आधार पर 'हरे चने' का सौन्दर्य अपने शब्दों में चित्रित कीजिए।

(vi) कवि चंद्रगहना से लौटते समय कहाँ रुक गया था और क्यों?

(vii) रामस्वरूप अपने घर को किस प्रकार सजा रहे हैं और क्यों?

(viii) 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी का उद्देश्य क्या है?

9. वर्तमान समय में बाहरी दिखावा या आडंबर मानव जीवन-शैली का एक अभिन्न अंग बना चुका है। स्पष्ट कीजिए। **4**

**अथवा**

'वर्तमान समय में स्त्री-शिक्षा की प्रासंगिकता' पर अपने विचार प्रकट कीजिए।